**नीतीश मिश्रा**
**पूर्व मंत्री**
बिहार सरकार

**सदस्य**
**बिहार विधान सभा**

**Ref: 241/2021**
**Dt- 13-7-2021**

**माननीय मंत्री महोदय,**

विषयः—**पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के अंतर्गत समस्तीपुर रेल मंडल के झंझारपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन क्षेत्र में 2016 से अमान परिवर्तन के बाद आये बदलाव से जल जमाव की समस्या का स्थायी निदान करने के संबंध में।**

आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि देश को एक दक्ष व कुशल प्रशासनिक क्षमता वाला रेल मंत्री मिला है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आपके उपर भरोसा करते हुये रेल जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय के साथ संचार मंत्रालय, इलेक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का दायित्व सौंपा है, इसके लिए हार्दिक बधाई व शुभकामना प्रेषित करता हूँ। आपके नेतृत्व में देश के सबसे अहम मंत्रालय में से एक रेल मंत्रालय की जिम्मेदारी मिलने की मुझे सुखद अनुभूति है।

आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ कि पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के अंतर्गत समस्तीपुर रेलमंडल के सकरी—निर्मली रेलखंड पर स्थित झंझारपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन क्षेत्र में 2016 के बाद अमान परिवर्तन कार्य होने से आये बदलाव से जल जमाव की स्थिति विद्यमान है। जल निकासी की समस्या के संबंध में मैंने दिनांक 23.7.2019 को महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर, से मुलाकात के दौरान झंझारपुर स्टेशन क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया था। इसी के संदर्भ में उनके निर्देश पर (पत्र संलग्न) दिनांक 26.7.2019 अनुमंडल कार्यालय झंझारपुर के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी मधुबनी की अध्यक्षता में जल निकासी हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला प्रशासन के प्रशासनिक/तकनीकी पदाधिकारी के अतिरिक्त रेलवे विभाग के प्रशासनिक एवं तकनीकी पदाधिकारियों की सहभागिता हुई थी। (प्रतिवेदन संलग्न)

इसके निहित रेलवे विभाग द्वारा निविदा के माध्यम से झंझारपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जल निकासी हेतु नाला एवं सम्प हाउस का निर्माण वित्तीय वर्ष 2020—2021 में कराया गया, जो अभी चालू अवस्था में है। इस कार्य से स्थानीय निवासियों को विश्वास था कि अब इस क्षेत्र से जलजमाव का स्थायी निदान मिल जायेगा। (प्रति संलग्न)

उक्त नाला एवं सम्प हाउस के प्रारंभ होने के बाद यह पहला मॉनसून है। रेलवे द्वारा निर्मित नाला एवं सम्प हाउस से जल निकासी का कार्य किया जा रहा है, परन्तु यह अपर्याप्त है। मॉनसून में अधिक वर्षा होने से जन जीवन अस्त—व्यस्त हो जाता है।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in

झंझारपुर में अनुमंडल कार्यालय, निबंधन कार्यालय, स्टेडियम, न्यायालय, अनुमंडलीय अस्पताल, बैंकों की शाखाऐं, पुलिस कार्यालय, हाट–बाजार, महाविद्यालय एवं अनेक व्यावसायिक प्रतिष्ठान के साथ घनी आबादी है। झंझारपुर में सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा 5 जून 2020 को शिलान्यास के साथ ही निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

झंझारपुर जंक्शन स्टेशन का पूरा क्षेत्र ग्राम पंचायत के अधीन है, चूकिं जल जमाव के स्थायी निदान के लिए व्यापक योजना की आवश्यकता है जो ग्राम पंचायत से संभव नहीं है। अमान परिवर्तन के बाद हुए बदलाव से झंझारपुर स्टेशन क्षेत्र से जल जमाव का स्थायी निदान रेल मंत्रालय के सहयोग के बिना असंभव है।

अतः अनुरोध है कि झंझारपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन क्षेत्र में पूर्ण रूप से जल निकासी का स्थायी निदान की दिशा में पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर, एवं समस्तीपुर रेल मंडल को निदेश देना चाहेंगे, ताकि रेलवे के द्वारा अमान परिवर्तन के बाद आये बदलाव में जल जमाव की समस्या से झंझारपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्रवासियों को स्थायी निदान मिल सके।

**सादर,**

भवदीय

Nitish Mishra
13.7.21

**(नीतीश मिश्रा)**

**संलग्न**–समाचार पत्र के कतरन एवं फोटो की छायाप्रति एवं यथोक्त।

सेवा में,

श्री अश्विनी वैष्णव जी,
माननीय मंत्री,
रेल मंत्रालय,
भारत सरकार, नई दिल्ली।